# चचेरे भाई ने फिरौती के लिए मासूम को मार डाला

## दस लाख की मांगी थी फिरौती, कापसहेड़ा इलाके से शव बरामद, मुख्यारोपी समेत सात गिरफ्तार

भास्कर न्यूज. नई दिल्ली

न्यू अशोक नगर इलाके से अगवा पांच वर्षीय बच्चे का शव कापसहेड़ा से बरामद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में बच्चे के चचेरे भाई समेत सात अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दस लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। मुख्यारोपी वारदात के बाद भी सहानुभूति दिखाने के बहाने रोज बच्चे के घर जाता रहा ताकि पुलिसिया कार्रवाई की जानकारी मिल सके।

जानकारी के अनुसार मुर्तजा अपने परिवार के साथ दल्लूपुरा इलाके में किराए के मकान में रहता है और नोएडा में सायबर कैफे चलाता है। परिवार में पत्नी व दो बेटे हैं। पांच अप्रैल को उसका पांच वर्षीय बेटा समीर घर के बाहर खेलते वक्त लापता हो गया। रात को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट न्यू अशोक नगर थाने में दर्ज कराई गई। इस बीच मुर्तजा के मोबाइल पर कॉल आई, जिसमें समीर की अपहरण की बात कही गई और दस लाख रुपए की फिरौती मांगी। तुरंत मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस पर लिया, लेकिन वह नंबर ज्यादा इस्तेमाल नहीं



किया गया। इस तरह मुर्तजा के पास अलग-अलग दिन व समय पर दस मोबाइल नंबरों से फिरौती के लिए कॉल आई। मामले की जांच जिला के एएटीएस (एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वैड) को सौंपी गई। पुलिस ने मुर्तजा के घर आने वाले परिचितों पर भी नजर रखनी शुरू की। इसी दौरान मुर्तजा के रिश्ते में भतीजे लगने वाले युवक सुधन पर संदेह हुआ। जब उसके मोबाइल की लोकेशन ली गई तो वह नोएडा सेक्टर आठ तथा कई ऐसी जगहों की पाई गई, जो फिरौती के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबरों के आसपास की थी। इस बीच, पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा और समीर के बारे में पूछताछ की। फिर सुधन से पूछताछ की तो वह टूट गया और उसने खुलासा किया कि उसी ने समीर का अपहरण किया था ताकि मुर्तजा से 10 लाख रुपए की फिरौती वसूल सके। पांच अप्रैल को वह समीर को अगवा कर नोएडा सेक्टर-आठ ले गया और उसे अपने दोस्तों के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद नए मोबाइल व नंबरों से मुर्तजा के पास फिरौती के लिए फोन किए। फोन करने के लिए आरोपी आठ से दस किलोमीटर की दूरी तय करते थे। सुधन हर रोज सहानुभूति जताने के बहाने मुर्तजा के घर जाता ताकि पुलिस की गतिविधियों की जानकारी मिल सके। 12 अप्रैल को पकड़े जाने के डर से उसने समीर की गला दबा कर हत्या कर दी और फिर दोस्तों की मदद से उसके शव को कापसहेड़ा स्थित नाले में फेंक दिया। पुलिस ने सुधन के छह अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया है, जो इस वारदात में शामिल है। आरोपियों की निशानदेही पर बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है।

# मेट्रो के आगे कूदा अधेड़, हालत गंभीर

## आईएनए स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर हुई घटना

भास्कर न्यूज. नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के आईएनए स्टेशन पर एक अधेड़ मेट्रो ट्रेन के सामने कूद गया। बुरी तरह घायल अधेड़ को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मेट्रो स्टेशन के सीसीटीवी खंगालने के बाद आत्महत्या की कोशिश करने वाले अधेड़ के परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर सवा 12 बजे जहांगीरपुरी से गुड़गांव की तरफ जा रही मेट्रो ट्रेन जैसे ही आईएनए स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची एक मुसाफिर उसके सामने कूद गया। इससे स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने खून से लथपथ अधेड़ को एम्स अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की पहचान गौतम नगर निवासी मोहन जगयानी (55) के रूप में की गई है। शुरुआत में आशंका जताई जा रही थी कि मोहन को धक्का दिया गया है, लेकिन रेलवे एंड मेट्रो पुलिस ने सीसीटीवी खंगाला तो पता चला कि पीड़ित ने खुद आत्महत्या के इरादे से ट्रेन के सामने छलांग लगाई। मोहन टूरिज्म डिपार्टमेंट से रिटायर होने के बाद उसने टूर एंड ट्रैवल्स का काम किया, लेकिन उसमें घाटा हो गया। कयास लगाए जा रहे हैं कि बिजनेस में घाटा होने के कारण उसने आत्मघाती कदम उठाया है। रेलवे एंड मेट्रो पुलिस के एडिशनल डीसीपी बीएस गुर्जर के मुताबिक मोहन की हालत नाजुक बनी हुई है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

# महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**नई दिल्ली.** अमन विहार इलाके में एक महिला ने अपने प्रेमी के दोस्तों पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। अमन विहार थाना पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच रुपए के लेन-देन को लेकर झगड़ा चल रहा था, हो सकता है इसी वजह से महिला ने आरोप लगाए गए हों। पुलिस पूरी जांच के बाद ही मामले में गिरफ्तारी की बात कह रही है।

जानकारी के मुताबिक पीड़िता शादीशुदा है, लेकिन पति से अलग होने के बाद से वह मयूर विहार इलाके में प्रेमी के साथ लिव-इन रिलेशन में रह रही है। पुलिस के मुताबिक महिला का आरोप है कि अमन विहार स्थित प्रेम नगर पार्ट-1,गली संख्या-4 में प्रेमी के दो दोस्तों ने उसके साथ कार में दुष्कर्म किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला के आरोप संदेहपूर्ण हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों आरोपी युवकों ने रेनू के प्रेमी के साथ मिलकर कार खरीदी थी, जिसकी वजह से रुपए के लेन-देन को लेकर इनके बीच विवाद चल रहा था। अधिकारी के मुताबिक हो सकता है कि इसी कारण से महिला ने युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया हो।






# मिट्टी का तेल डालकर महिला ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली.** जहांगीरपुरी इलाके में शनिवार सुबह एक 32 वर्षीय महिला ने आग लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थानीय पुलिस के अलावा एसडीएम मामले की जांच कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान पूजा (32) के रूप में हुई। वह परिवार के साथ जहांगीरपुरी स्थित ए-ब्लॉक में रहती थी। छह साल पहले उसकी शादी हरीश प्रसाद के साथ हुई थी। दोनों के कोई औलाद नहीं थी। हरीश गुड़गांव स्थित एक फैक्टरी में काम करता है। पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह खुद पर मिट्टी का तेल डालकर पूजा ने आग लगा ली। मामले की जानकारी मिलते ही महेंद्र पार्क थाना पुलिस ने उसे बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

# तेंदुए की खाल के साथ बॉक्सिंग कोच गिरफ्तार

## तीन खाल बरामद, हिमाचल प्रदेश की शिवालिक रेंज में करते थे शिकार





*तस्कर से बरामद तेंदुए की खाल और क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आरोपी मीतू सिंह।*

भास्कर न्यूज. नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने एक बॉक्सिंग कोच को गिरफ्तार कर तेंदुए की तीन खाल बरामद की हैं। आरोपी हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है और स्टेट जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिस्सा ले चुका है। पुलिस का दावा है कि आरोपी अपने गिरोह के साथ मिलकर शिवालिक रेंज के जंगलों से 10 तेंदुओं को मार कर उनकी खाल बेच चुका है। बरामद तीन खाल की कीमत लगभग नौ लाख रुपए बताई जा रही है।

क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त आयुक्त पुलिस अशोक चांद ने बताया कि इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश की टीम में शामिल सिपाही रामपाल को सूचना मिली कि एक युवक तेंदुए की तीन खाल लेकर जीटी करनाल बाईपास पर आने वाला है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर उसके पास से तेंदुए की तीन खाल बरामद की। आरोपी की पहचान हिमाचल प्रदेश निवासी मीतू सिंह (22) के रूप में की गई है। उसने खुलासा किया कि वह हिमाचल प्रदेश में जूनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग ले चुका है तथा अभी गांव के ही एक स्कूल में बॉक्सिंग का कोच है। वह तेंदुए का शिकार कर उसकी खाल बेचने वाले एक गिरोह का सदस्य है। अपने साथियों के साथ मिलकर वह शिवालिक रेंज के जंगलों में तेंदुओं का शिकार करता है। इसके लिए इन लोगों ने ऐसे झरने तलाश रखे हैं, जहां तेंदुए प्यास बुझाने आते हैं। गिरोह उस रास्ते पर घास की आड़ में विशेष तरह का पंजा छिपा देते हैं, जिसमें तेंदुए का पैर फंस जाता है। फिर गिरोह उसे पीट पीटकर मार डालता है। अब तक यह गिरोह 10 तेंदुए मार चुका है और इनकी खाल शिमला, मैकलॉयड गंज व धर्मशाला में बेचे जा चुके हैं। पुलिस इस गिरोह के अन्य तस्करों की तलाश कर रही है।






# वेलकम इलाके में गोली मारकर युवक की ली जान

भास्कर न्यूज. नई दिल्ली

वेलकम इलाके में दो दोस्तों ने एक युवक को घर से बुलाया और फिर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या रंजिश के चलते की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, परिजनों का आरोप है कि एंबुलेंस चालक ने पीड़ित को जगप्रवेश अस्पताल ले जाने में काफी वक्त लगाया। यदि उसे सीधे जीटीबी अस्पताल पहुंचाया होता तो शायद उसकी जान बच जाती।

पुलिस के अनुसार नजर अब्बास (22) परिवार के साथ ब्रह्मपुरी गली नंबर-21 में रहता था। परिवार में पत्नी, दो बेटी, मां व भाई हैं। नजर की पत्नी गर्भवती है। शुक्रवार शाम दो युवक नजर अब्बास को घर से बुला कर ले गए थे। कुछ देर बाद वह लहूलुहान हालत में घर पहुंचा, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। उसे एंबुलेंस से जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया। परिजनों ने चालक से जीटीबी अस्पताल ले जाने के लिए कहा और इस बात पर उनकी चालक से बहस भी हुई। आखिरकार नजर को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बात पर नजर के परिजनों ने काफी गुस्सा जाहिर किया और एंबुलेंस चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि जो दो युवक नजर को घर से बुला कर ले गए थे, वे उसके परिचित हैं। पुलिस ने बताया कि गोली नजर के पेट में लगी है। पुलिस का कहना है कि नजर के खिलाफ भी हत्या व शस्त्र अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे रंजिश को कारण माना जा रहा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# पत्नी को छठी मंजिल से धक्का दे मारने का आरोप

## मृतका की बहन ने पुलिस को बताई हकीकत पति, सास व ससुर गिरफ्तार

भास्कर न्यूज. नई दिल्ली

लाहौरी गेट थाना क्षेत्र के अंतर्गत फराश खाना इलाके में एक पति ने मायके से 10 लाख रुपए न लाने पर पत्नी को छठी मंजिल से धक्का दे दिया। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हालांकि आरोपी व उसके परिजनों ने वारदात को हादसे का रूप देने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद मृतका की बहन ने पुलिस के सामने सारी सच्चाई बयां कर दी। पुलिस ने पति, सास व ससुर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार गुलशेर अपने परिवार के साथ फाटक धोबियान, फराश खाना स्थित एक किराए के मकान की छठी मंजिल पर रहते हैं। परिवार में उनकी पत्नी हमीदा, बेटा जावेद व बहू फरजाना व तीन महीने की पोती है। जावेद टेलर का काम करता है, जिसकी शादी को डेढ़ वर्ष हुए हैं। शुक्रवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि फरजाना छठी मंजिल से गिर गई है और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। जावेद, हमीदा व गुलशेर ने पुलिस के सामने इसे हादसा बताया और कहा कि फरजाना छज्जे से गिर गई है। वहां फरजाना की बहन भी मौजूद थी। जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि दो दिन पहले फरजाना जाफराबाद स्थित मायके गई थी। शुक्रवार को जावेद उसे लेकर आया। इस दौरान उसकी बहन भी फरजाना के साथ आ गई। रात को जावेद व उसके परिवार वाले फरजाना को मायके से दस लाख रुपए न लाने की बात पर ताने मारने लगे। इस बात पर जावेद और फरजाना के बीच कहासुनी होने लगी इसी दौरान दोनों बहस करते बाहर छज्जे पर आ गए। तभी फरजाना के चीख सुनाई दी। जब उसकी बहन ने बाहर आकर देखा तो फरजाना सड़क पर गिरी हुई थी। फरजाना की बहन का आरोप है कि जावेद ने उसे छठी मंजिल से धक्का दिया है, जिस कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस ने उसके बयान पर दहेज प्रताड़ना व हत्या का मामला दर्ज कर जावेद व उसके माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया है।


